research institutions in the field of law and other bodies dealing with areas of interest to lawyers should be invited to organise refresher courses for practising lawyers which benefited them in the pursuit of their legal profession.

(xix) Law colleges imparting legal education for admission to practice should be encouraged to extend supportive services to the legal aid apparatus. This would enable the students not only to extend technical services to the community they live in, but also to learn a variety of professional skills related to court procedures and alternative dispute resolution systems. Legal Aid Committees should also be encouraged to develop linkages with professional law colleges in respect of matters falling within their jurisdiction.

(xx) In view of the increased responsibilities of the Bar Councils for maintaining standards in the profession, and having regard to the inadequate income of the Bar Councils, a higher enrolment fee not exceeding Rs. 2000 should be prescribed, leaving it to the Bar Council of India and the State Bar Councils to prescribe from time to time a reasonable fee within that limit.

There should also be a periodical renewal of certificate of enrolment atleast every five years. The Bar Council of India should also fix a reasonable amount not exceeding Rs. 500/- towards renewal of certificate of enrolment.

24. The Law Ministers noted with satisfaction that the Bar Council of India and the University Grants Commission were in general agreement with the aforesaid recommendations in the matter of reforms in legal education and entry into legal profession. The Law Ministers further noted with appreciation that the Bar Council of India had resolved to introduce one year pre-enrolment training for law graduates seeking to enter the legal profession.

25. The Law Ministers were of the opinion that the Advocates Act, 1961, and the rules made thereunder be amended immediately for giving effect to the above recommendations."

लघु उद्योगों हेतु आरक्षित वस्तुओं में परिवर्तन

481. **श्री सोमपाल:** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने लघु उद्योग क्षेत्र हेतु कौन-कौन सी वस्तुएं आरक्षित की हैं;

(ख) क्या सरकार हाल ही में इस सूची की पुनरीक्षा कर रही है और इसमें परिवर्तन करने पर विचार कर रही है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और अब तक इस संबंध में लिये गये निर्णयों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इसका लघु उद्योग क्षेत्र पर क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम): (क) केवल लघु क्षेत्र में ही विनिर्माण के लिए फिलहाल 836 वस्तुएं आरक्षित हैं। इन वस्तुओं के नाम गजट अधिसूचना सं० एस० ओ० 477 (ई), दिनांक 25.7.1991 की अनुसूची-3 में दिये गये हैं।

(ख) से (घ) वस्तुओं को आरक्षित/अनारक्षित करना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और सरकार द्वारा उद्योग (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन गठित आरक्षण संबंधी परामर्शदायी समिति द्वारा इनकी समय-समय पर समीक्षा की जाती है। इस समिति की नियमित अंतरालों पर बैठकें होती हैं और इन बैठकों में सरकार को आरक्षित सूची में मदों को जोड़ने तथा हटाने का सुझाव दिया जाता है। जब भी आरक्षित सूची में कोई परिवर्तन करने का सुझाव दिया जाता है, लघु क्षेत्र के हितों का ध्यान हमेशा रखा जाता है।